# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**2nd Term Test – 2018**

Sub: HINDI TEXT | Class: 4B | F.M: 54

Duration: 1hr 30 mins. | Date: 01.08.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) एक शब्द में उत्तर दो :- (1*4=4)

क) चक्र किस रंग का है?

ख) भारत का राष्ट्रीय पशु क्या है ?

ग) माउंट आबू समुद्र - तल से कितनी ऊंचाई पर है ?

घ) दिलवाडे में किस धर्म के मंदिर हैं ?

2) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :- (1*4=4)

चकित , निश्चय ,प्रगति ,आदेश

3) खाली जगह भरो :- (1*4=4)

क) शीतल हवा ने यात्रा की सारी __________ मिटा दी |

ख) इनमें जैन तीर्थंकरों की सुन्दर __________ है|

ग) 'वंदेमातरम्' हमारा __________ गीत हैं |

घ) भारत एक _______ राष्ट्र है|

**(खंड ख)**

4) प्रश्न - उत्तर :-

क) हमारा राष्ट्रगान क्या है?इसे किसने लिखा और इसे राष्ट्रगान के रूप में कब स्वीकार किया गया? (3)

ख) नेमिनाथजी के मंदिर के बारे में लिखो| (3)

ग) नक्की ताल का वर्णन अपने शब्दों में लिखो | (3)

घ) क्या पहले भारत परतंत्र राष्ट्र था?यह किसके आधीन था?भारत कब स्वतंत्र हुआ ? (3)

5) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो :- (3)

क) आज्ञा पाते ही लाली बड़ी तेजी से ________________|

ख) रास्ते में चारों ओर ________________|

ग) चौथा सिंह पीछे होने के कारण ____________________|

6) वाक्य सही करके पुनः लिखो:- (3)

क) भारत का राष्ट्रीय पक्षी बतख है|

ख) आदिनाथजी का मंदिर नेमिनाथजी के मंदिर से दूर है ।

ग) राजा शेरसिंह ने लाली लोमड़ी को चकमा दिया ।

**(खंड -- ग)**

7) बड़े प्रश्न :-

क) हमारे राष्ट्रीय प्रतीक का वर्णन अपने शब्दों में करो| (5)

ख) हमारा राष्ट्रीय गीत किसने लिखा ?ये पहली बार कब और कहाँ गाया गया था? (1+3=4)

ग) हमारे राष्ट्रीय ध्वज के बारे में चार वाक्य लिखो| (4)

8) निम्न शब्दों से सुंदर वाक्य बनाओ :- (5)

दर्शनीय , शीतल, विचित्र , परतंत्र, धर्म

9) "तरुवर" कविता की आरंभ की छः लाइन लिखो । (6)

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**2nd Term Test – 2018**

**Sub:** HINDI TEXT **Class:** 4B **F.M:** 54

**Duration:** 1hr 30 mins. **Date:** 01.08.2018

---

सफाई से काम करो । अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे ।

**(खंड क)**

1) एक शब्द में उत्तर दो :- (1*4=4)

क) नीला ख) बाघ ग) 1700 मीटर घ) जैन

2) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :- (1*4=4)

चकित - हैरान , निश्चय- पक्का इरादा ,प्रगति- तरक्की ,आदेश- हुक्म

3) खाली जगह भरो :- (1*4=4)

क) थकान ख) मूर्तियां ग) राष्ट्रीय घ) स्वतंत्र

**(खंड ख)**

4) प्रश्न - उत्तर :-

क) 'जन गण मन' हमारा राष्ट्रगान है| इसे श्री रविंद्रनाथ टैगोर ने लिखा |इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया । (3)

ख) नेमिनाथजी का मंदिर एक विशाल चबूतरे पर बना हुआ है |बाहर से ये साधारण सा मंदिर लगता है, पर अंदर भगवान नेमिनाथजी की सोने की जगमगाती मूर्ति है| (3)

ग) नक्की ताल एक अच्छी खासी झील है |ताल में एक ओर सीढियाँ बानी हुई हैं |ताल के किनारे पेड़ के नीचे लोग विश्राम करते हैं । (3)

घ) हाँ पहले भारत परतंत्र था |यह अंग्रेज़ो के अधीन था | भारत 15 अगस्त 1947 ई. को स्वतंत्र हुआ । (3)

5) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो :- (3)

क) आज्ञा पाते ही लाली बड़ी तेजी से <u>दरबार से बाहर निकल गई</u>|

ख) रास्ते में चारों ओर <u>हरियाली छाई हुई थी</u> ।

ग) चौथा सिंह पीछे होने के कारण <u>सामने से दिखाई नहीं देता</u> ।

6) वाक्य सही करके पुनः लिखो:- (3)

क) भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है|

ख) आदिनाथजी का मंदिर नेमिनाथजी के मंदिर के पास है ।

ग) लाली लोमड़ी ने राजा शेरसिंह को चकमा दिया ।

**(खंड -- ग)**

7) बड़े प्रश्न :-

क) हमारा राष्ट्रीय प्रतीक सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ में बनवाये स्तम्भ के ऊपरी भाग से लिया गया है |इसमें चार सिंह है , जो पीठ मिलाकर खड़े हैं |इसके नीचे बीचों-बीच एक चक्र बनाया गया है |इसके दाहिनी ओर वृषभ और बायीं ओर घोड़ा है | इसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा है । (5)

ख) हमारा राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम्' है |इसे बंकिमचंद्र चटर्जी ने लिखा था |स्वतंत्रता आंदोलन के समय यह गीत बहुत गाया जाता था | इसे प्रथम बार 1896 में कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया था | (1+3=4)

ग) हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों का है |सबसे ऊपर केसरिया ,मध्य में सफ़ेद और नीचे हरे गहरे रंग की पट्टी है | सफ़ेद रंग की पट्टी पर नीले रंग का चक्र है |इस चक्र में 24 कामनियाँ हैं । (4)

8) निम्न शब्दों से सुंदर वाक्य बनाओ :- (5)

दर्शनीय - दिल्ली का बिरला मंदिर <u>दर्शनीय</u> है ।

शीतल - पहाड़ों पर <u>शीतल</u> हवा चलती है ।

विचित्र - जादूगर ने <u>विचित्र</u> खेल दिखाया ।

परतंत्र - हमें <u>परतंत्र</u> होकर जीवन नहीं जीना चाहिए ।

धर्म - <u>धर्म</u> हमें सही मार्ग पर ले जाता है ।

9) "तरुवर" कविता की आरंभ की छः लाइन लिखो । (6)

साथ हवाओं के मिल गाता,  
नौकर-सा जो विजन डुलता।  
पत्तों से देता है ताली,  
उस तरुवर की बात निराली।  
डंडा मारो फल दे देगा,  
क्रोध दिखाओ प्रेम मिलेगा